Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जैसेलमेर, अजासर हल्का पटवारी लखवीर यादव व उसके दलाल प्राइवेट व्यक्ति जेठुसिंह को 50,000/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार।

जयपुर। दिनांक 03 जुलाई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **लखवीर यादव पटवारी पटवार हल्का अजासर व प्राइवेट व्यक्ति जेटूसिंह (दलाल)** को 50,000/— रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी जैसलमेर की एक शिकायत इस आश्य की मिली की परिवादी के पिता के खेत की पुनः तरमीन कर राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज करने एवं पैमाईश की मौका रिपोर्ट देने के लिए पटवारी लखमीर यादव द्वारा अपने साथ काम करने वाले प्राईवेट व्यक्ति जेटूसिंह के मार्फत 50,000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** के सुपरविजन में एसीबी चौकी जैसलमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरपतचन्द** के द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी लखवीर यादव पटवारी व प्राईवेट व्यक्ति जेटूसिंह को दौराने ट्रैप कार्यवाही रिश्वत राशि 50,000/— रूपये (दलाल जेटूसिंह से) बरामद किये गये है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भ्रनिब्यूरो जयपुर श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जावेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हैल्प लाईन नम्बर 1064 एवं वाट्सएप हैल्पलाईन मम्बार 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।